तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री

न्यूनतम 28.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 15 मई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड





14 गौरव पथ चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का...



14 युक्तियुक्तकरण में विसंगति व दोषपूर्ण आदेश में ...


**प्रस्ताव:** नगर पालिका परिषद की विशेष बैठक में विभिन्न एजेंडों पर चर्चा, सर्वसम्मति से पारित हुए प्रस्ताव

# लोहिया चौक से पिटियाझर नाला तक लगेगा ट्यूबलर पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू

- दलीय राजनीति से उपर उठकर शहर विकास में हो हम सबकी : निखिलकांत



की अध्यक्षता में बुधवार को दोपहर 3 बजे परिषद की विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से विभिन्न बिंदुओं पर प्रस्ताव पारित किए गए। अध्यक्ष साहू ने बैठक का शुभारंभ करते कहा परिषद की यह विशेष बैठक शहर के विकास के मुद्दों पर सभी सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित की गई है। हम सभी को दलीय राजनीति से ऊपर उठकर आपसी तालमेल के साथ शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकासशील बनाना है। उन्होंने उपाध्यक्ष सहित सभी पार्षदों को शहर विकास में भागीदारी बनने सहयोग करने की बात कही।

इस अवसर पर शहर के विकास को गति देने परिषद की बैठक में प्रमुख रूप से अनेक एजेंडों को चर्चा में शामिल किया गया। तथा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर कार्यों के लिए सहमति बनी। जिसमें प्रमुख रूप से लोहिया चौक से पिटियाझर नाला तक ट्यूबलर पोल प्रदाय व स्थापना कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम निविदा दर के संबंध में चर्चा कर विचार कर निर्णय लिया गया। पिटियाझर वाटर टैंक से संत रविदास भवन तक ट्यूबलर पोल प्रदाय व स्थापना कार्य हेतु प्राप्त न्यूनतम निविदा दर के संबंध में विचार एवं निर्णय, भवन, भूमि नामांतरण के संबंध में विचार एवं निर्णय, अपना मार्केट, बाजार में स्थित दुकानों के लिए दिए जाने वाले कवेलू शेड निर्माण के संबंध में विचार एवं निर्णय, एक राष्ट्र एक चुनाव के संबंध में विचार, शासकीय घास भूमि पर काबिज लोगों के द्वारा नगर पालिका के डिमांड पंजी में नाम दर्ज करने के संबंध में विचार कर निर्णय लिए गए।

इसी प्रकार विद्युत अनापत्ति हेतु शासकीय घास / काबिज भूमि हेतु प्राप्त होने वाले आवेदनों के संबंध में विचार एवं निर्णय, गुरु गोविन्द सिंह उद्यान के सामने स्थित चौपाटी में निर्मित दुकानों की नीलामी के संबंध में विचार एवं निर्णय, नगर पालिका द्वारा लिये जाने वाले सेवा शुल्क की दर में वृद्धि किए जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय, निजी भवनों एवं निकाय क्षेत्र में विज्ञापन होर्डिंग्स बोर्ड स्थापना कार्य में एनओसी दिए जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय, आम बाजार (गोल बाजार) में छूटे हुए व्यवसायियों का बाजार साईड किराया डिमांड पंजी में नाम दर्ज किए जाने के संबंध में विचार एवं निर्णय, इंदिरा मार्केट के जर्जर दुकानों के निर्माण के संबंध में विचार एवं निर्णय, प्रेसीडेंट इन कौसिल की बैठक 15 अप्रैल 2025 में पारित निर्णय का अवलोकन कराकर निर्णय लिया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर नपा अध्यक्ष निखिलकांत साहू, उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, निश्चय पूनम चंद्राकर पार्षद, जसप्रीत प्रीति बादल मक्कड़, सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, सभापति जितेंद्र देवनारायण ध्रुव, सभापति बबलू सूरज नायक, सभापति ईश्वरी भोई, सभापति गुलशन साहू, पार्षदगण सुनैना पप्पू ठाकुर, राहुल आवड़े, कल्पना सूर्यवंशी, हरवंश ढिल्लो नानू भाई, धनेंद्र विक्की चंद्राकर, माधुरी धनीराम यदु, बड़े मुन्ना देवार, चंद्रशेखर बेलदार, भारती राजेंद्र चंद्राकर, भाऊराम साहू, पीयूष अमृत साहू, शुभ्रा मनीष शर्मा, धनेश्वरी सोनाधर सोनवानी, सीएमओ सहित पालिका के विभाग प्रभारी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पालिका में बहस और विरोध के बाद एक राष्ट्र एक चुनाव पर प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका परिषद महासमुंद में 14 मई को एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर विशेष बैठक आयोजित की गई। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने बताया कि विशेष बैठक में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर मामूली बहस व विरोध के उपरांत को ध्वनि मत से पारित किया गया। सभी पार्षदों ने अपनी सहमति दी। प्रस्ताव के समर्थन में हस्ताक्षर किए। उल्लेखनीय है कि पूर्व में 24 अप्रैल को विशेष बैठक का आवेदन नगर पालिका अधिनियम की धारा 57 के अन्तर्गत भाजपा पार्षदगण नानू भाई, पवन पटेल, शुभ्रा मनीष शर्मा, चंद्रशेखर बेलदार, पीयूष साहू, जसप्रीत प्रीति मक्कड़, सुनैना पप्पू ठाकुर, सीता डोंडेकर, जरीना हफीज कुरैशी, माखन पटेल, कल्पना सूर्यवंशी, माधुरी यदु, भारती राजू चंद्राकर, भाऊराम साहू, धनेश्वरी सोनवानी, निश्चय चंद्राकर ने दिया था। कई बार सीएमओ को निर्देशित किया, तब बैठक आयोजित की गई। भाजपा पार्षदों ने एक राष्ट्र एक चुनाव विषय में समर्थन में बताया कि इस से



प्रशासनिक और आर्थिक क्षमता बढ़ेगी। प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी बचेगी। बार-बार लगने वाले आदर्श आचार संहिता के कारण विकास परियोजनायें रूक जाती है। एक चुनाव से विकास कार्यो की निरंतरता बनी रहेगी। साथ ही राजनीतिक स्थिरता आएगी। एक साथ चुनाव से मतदाताओं में अधिक जागरूकता और उत्साह पैदा होगा, जिससे मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और लोकतंत्र मजबूत होगा। राठी ने बताया कि परिषद ने निर्णय लेते हुए कहा कि संसद में प्रस्तुत विधेयक के पारित कर इसे कानूनी रूप दिया जाए।

## खबर संक्षेप



### बकाया पैसा मांगने पर मजदूर से मारपीट

**महासमुंद।** बकाया पैसे मांगने पर नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज में श्रमिक का काम करने वाले के साथ सुपरवाइजर ने मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थी धनंजय रात्रे निवासी साराडीह ने बताया कि वह वर्तमान में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज में मजदूरी का काम कर रहा है। उसका 17 दिन की मजदूरी का पैसा बकाया था, 13 मई को उसने मांगा तो सुपरवाइजर कुनाल बंजारे ने गाली गलौज कर पत्थर से सिर में मारकर चोट पहुंचाया एवं जान से मारने की धमकी दी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बस स्टैंड स्थित ठेले से चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नगर के बस स्टैंड स्थित एक ठेले से चोरी का मामला सामने आया है। ठेला संचालक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली महासमुंद में दर्ज कराई है। पुलिस को प्रार्थी अब्दुल जावेद पिता अब्दुल रज्जाक ने एफआईआर में बताया कि वह पानी टंकी के नीचे बस स्टैंड महासमुंद में ठेले का संचालन करता है। 9-10 मई की दरम्यानी रात को ठेले का ताला तोड़कर करीबन 9500, सिगरेट पॉकेट तथा गुटखा की चोरी किसी अज्ञात व्यक्ति ने कर ली। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 334(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पेटी का ताला तोड़कर 30 हजार की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम सोरम में घर में रखे पेटी का ताला तोड़कर एक युवक द्वारा 30 हजार रुपए चोरी करने का मामला सामने आया है। खल्लारी पुलिस को दशोदा बाई पति लालजी कमार (60 साल) ने एफआईआर के दौरान बताया कि उसका भतीजा हरीश कमार जो जेठ का बड़े साले का लड़का है, वह ग्राम कर्पीदादर थाना छुरा जिला गरियाबंद का रहने वाला है और विगत 3 दिनों से उसके घर में रह रहा था। 7 मई की सुबह वह तेंदूपत्ता तोड़ने गई थी। वापस आने पर देखा कि कमरा में रखी पेटी का ताला टूटा हुआ था और जिसमें से आरोपी हरीश कमार पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे नगदी रकम 30000 रुपये को निकाल लिया और अपने मोटर सायकल पैशन प्रो सीजी 04 सी जेड 6861 को मेरे घर में छोड़कर भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## शहर में 10 वार्डों के लिए समाधान शिविर 16 को

**महासमुंद।** आम जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर सुशासन तिहार 2025 का तीसरा चरण 5 मई से 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद महासमुंद का दूसरा शिविर 16 मई शुक्रवार को वार्ड क्र. 1, 12, 13, 14, 16, 19, 20, 21, 22, 23 के लिए स्थानीय लोहिया चौक में तथा तीसरा समाधान शिविर 21 मई को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार (टाऊन हाल) में वार्ड क्रमांक 15, 17, 18, 24, 25, 26, 27, 28, 29 एवं 30 के लिए लगाए जाएंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे ने जानकारी दी कि सुशासन तिहार के पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक नागरिकों से 753 मांगे और 11 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। अब तीसरे चरण में इन आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदकों को दी जाएगी। शिविरों में आम नागरिकों को उनकी पिछली शिकायतों और मांगों के समाधान की स्थिति के बारे में बताया जाएगा। साथ ही नई समस्याएं और मांगें भी दर्ज की जाएगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगरवासियों से अपील की है कि वे शिविरों में आकर अपनी समस्याएं जरूर साझा करें।

### पुरानी रंजिश पर रॉड से मारपीट

**महासमुंद।** नगर के नयापारा में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार महासमुंद के नयापारा वार्ड 6 निवासी माया पांडेय ने बताया कि 12 मई को वह बाहर गयी थी, मोहल्ले वालों ने उन्हे फोन कर बताया कि तुम्हारे पति देवनारायण के साथ मोहल्ले के लोग मारपीट कर रहे हैं। खबर सुनकर वह पहुंची। उनके पति को जिला अस्पताल महासमुंद ले जाया गया। उन्होंने बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर शाम करीब 6:30 बजे देवनारायण पाणेय के साथ समीर खान, शिव थापा और उसके साथियों ने गाली -गलौज कर जान की धमकी देते हुए रॉड और कड़ा से मारपीट की। मारपीट से सिर, चेहरा, सीना, पैर व हाथ में चोटें आई है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी समीर खान, शिव थापा व अन्य के खिलाफ धारा 115(2)-, 296-, 3(5)-, 351 (3)-बीएनएस मामला दर्ज किया है।

## गुणवत्तायुक्त बांस की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे आदिवासी कंडरा जनजाति के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बांस की मांग को लेकर ग्राम खैरा के आदिवासी कंडरा जनजाति के लोगों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। वन विभाग से गुणवत्तायुक्त बांस दिलाने की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में बांस कलाकारों ने बताया कि वे कार्डधारी बांस कलाकार हैं। बांस की सूप, टोकनी, बिजना या अन्य प्रकार के उत्पाद बनाकर ही उनकी जीवन यापन करते हैं। शासन द्वारा लायसेंस में सालाना 1500 बांस देने का प्रावधान हैं। लेकिन, बीते 10 सालों से इन परिवारों को वन विभाग की ओर से बांस नहीं मिला। हर साल जनवरी के आसपास बांस मिलने पर वे वैवाहिक सीजन तथा दीपावली के लिए बांस कलाकृतियां बनाकर उसे बाजार में विक्रय करते हैं। लेकिन, बांस नहीं मिलने की वजह से उनकी रोजी-रोटी पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। इधर, जिन्होंने पिछले 40 साल से इसी व्यवसाय के जरिये अपनी जीविका चला रहे हैं। उनके लिए एकाएक व्यवसाय बदलना भी मुश्किल है। कंडरा परिवार ने गुहार लगाई है कि शीघ्र ही उन्हें गुणवक्तायुक्त बांस प्रदान किया जाए। इस दौरान बसंत कंडरा, भुनेश्वर कंडरा, राजेंद्र, राजकुमार, जितेंद्र, गोविंदा, राकेश, मिथलेश, खिलेश, घनश्याम, हरीराम, नंदनी, त्रिवेणी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने जिला पुस्तकालय भवन का किया औचक निरीक्षण

### आगामी तीन माह में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश, सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी में एक साथ अध्ययन कर सकेंगे 500 से अधिक लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के हृदय स्थल पर निर्माणाधीन जिला लाईब्रेरी का बुधवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने आगामी अगस्त 2025 तक निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता को लेकर किसी भी तरह की समझौता नहीं करने के निर्देश निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार को दिए हैं। उन्होंने यहां फिनिशिंग कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर ने निर्माणाधीन भवन के दोनों तलों में जाकर प्लास्टर कार्य और टाइल्स लगाने के कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सभी सामग्री उच्च गुणवत्ता पूर्ण हो। हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन अभियंता नरेंद्र चंद्राकर ने बताया कि फिनिशिंग कार्य जारी है और जल्दी ही इसे पूरा किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ एस आलोक एवं हाउसिंग बोर्ड के इंजीनियर मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि नगर के कचहरी और शनि मंदिर के पास



3328.20 वर्ग मीटर क्षेत्र में 6.66 करोड़ की लागत से जिला ग्रंथालय का निर्माण किया जा रहा है। लाइब्रेरी का निर्माण कार्य अक्टूबर 2023 से प्रारम्भ हुआ है। जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।

जिला लाइब्रेरी को पाठकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। जिसमें ई-लाइब्रेरी, अध्ययन कक्ष सहित अन्य सर्वसुविधायुक्त कक्ष निर्माण किया जा रहा है। प्रथम तल में ओपन कैफेटेरिया सहित लिफ्ट की भी सुविधा होगी। इसके अलावा सामान्य जन एवं दिव्यांगों के लिए शौचालय का निर्माण दोनों तलों में किया जा रहा है। प्रथम तल में 13 व्यवसायी कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी किया जा रहा है। जिले के प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही साहित्य और पुस्तक प्रेमी नागरिकों को भी यह सुविधा अपने नगर में ही मिलेगी।

आज की युवा पीढ़ी टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल करती है। इसके बावजूद पुस्तकालय का महत्व कम नहीं हुआ है। लाइब्रेरी को रूचिकर और आकर्षक बनाने के लिए इसे आधुनिक स्वरूप में ढाला जा रहा है। जिसमें 500 से अधिक लोगों के लिए अध्ययन की व्यवस्था होगी।

**मौसम साफ होने के बाद आई तेजी, तेंदूपत्ता खरीदी के लक्ष्य का 78 फीसदी हुई खरीददारी**

# मौसम की मार लेकिन आवक शानदार, खरीदी लक्ष्य के करीब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अप्रेल माह के अंत और मई के पहले सप्ताह में मौसम की मार के बावजूद जिले में तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य सप्ताह भर में ही 70 फीसदी के आंकड़े तक पहुंच गया है। बता दें कि जिले में 91300 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य रखा गया जिसमें अब तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार लगभग 63910 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी हो चुकी है।

हरा सोना याने तेंदूपत्ता की तोड़ाई व संग्रहण का कार्य हर साल की तरह इस साल भी एक मई से प्रस्तावित था। लेकिन, आंधी, बारिश और तूफान के चलते खरीदी देर से शुरु हुई। मौसम साफ होने के बाद तेंदूपत्ता की तोड़ाई में तेजी आई। तेंदूपत्ता तोड़ने वालों को उनके बैंक खाते में ऑनलाइन राशि अंतरित की जाएगी। इस बार भी तेंदूपत्ता के लिए 5500 रुपए प्रतिमानक बोरा की दर से खरीदी की जा रही है।

बता दें कि जिले में कुल 786 फड़ हैं, जहां तेंदूपत्ता की खरीदी की जा रही है। वनोपज एकत्रित करने वाले लोगों को मौसम की चिंता सताती रही, सप्ताह भर में दो बार मौसम में बदलाव हुआ है। बारिश से पत्तों की क्वालिटी पर असर पड़ता है। मौसम विभाग ने 15 मई तक



बारिश की संभावना जताई है। वन विभाग के एसडीओ एआर बंजारे ने बताया कि तेंदूपत्ता खरीदी का कार्य जारी है। लगभग 70 प्रतिशत तेंदूपत्ता की खरीदी हो चुकी है। मौसम अनुकूल है। पूरे मई माह तेंदूपत्ता की खरीदी की जाएगी।

### मानक बोरा में 50 पत्तों का एक हजार बंडल

तेंदूपत्ता के एक मानक बोरा में 50 पत्तों के एक हजार बंडल होते हैं। ग्रामीण अंचलों में भी तेंदूपत्ता से बीड़ी बनाकर बेचा जाता है। पिछले तीन वर्षों से 91300 मानक बोरा लक्ष्य रखा जा रहा है। लक्ष्य में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। धीरे-धीरे तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य कम होता हो रहा है। हितग्राही भी कम होते जा रहे हैं। तीन साल पूर्व 2022 में 95 हजार 400 मानक बोरा तेंदूपत्ता सग्रहण का लक्ष्य रखा गया था और 82 हजार 300 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी की गई थी।

### आय का मुख्य जरिया

तेंदूपत्ता ग्रामीणों की आय का मुख्य जरिया है। गर्मी के दिनों में वनोपज एकत्रित कर ग्रामीणों को आय होती है। संग्राहकों व अन्य ग्रामीणों को भी विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया है। तेंदूपत्ता का मुख्य उपयोग बीड़ी बनाने में किया जाता है।

## रिटायर्ड आर्मीमैन से दो युवकों ने की मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा में रिटायर्ड आर्मीमैन से दो लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को प्रार्थी शाहजाद खान निवासी वार्ड नं 06 लालपुर ने बताया कि आर्मी से रिटायरमेंट के पश्चात एफसाआई बागबाहरा में गार्ड का काम करता हूं। 13 मई की शाम करीबन 7.30 बजे अपनी ड्यूटी से घर जा रहा था।

लालपुर ढांगाडिपरा रास्ता में नाला के पास कुछ लड़के बीच रोड में खड़े होकर आपस में बातचीत कर रहे थे। मेरे द्वारा अपने स्कूटी को रोका गया तो वे लड़के लोग बिना वजह के गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। उनमें से एक लड़के ने ईंट से सिर में मारकर चोट पहुंचाया और एक लड़के स्कार्फ से गला दबाने की कोशिश किया। किसी तरह जब वह खुद को छुड़ाकर अपनी स्कूटी को छोड़कर भागने लगा तो वे लड़के लोग पीछा करते हुए जान से मार देंगे कहते पीछे दौड़ने लगे और ईंट पत्थर से फेंककर मार रहे थे। नीलांबर साहू के बाड़ी के पास जाकर रूका तो मोहल्ले के तीन-चार लोगों उन्हें मना किया तो वे भाग निकले। आसपास मोहल्ले वालों से पता चला कि मारपीट करने वालों में एक लड़का राहुल पटेल और सोनू देवांगन था। मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### चैंबर अध्यक्ष से की मुलाकात



**रायपुर।** डूमरतराइ व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल और अनाज मंडी के व्यापारियों ने मंगलवार को चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के साथ व्यापारिक समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। बांबे मार्केट स्थित चैंबर कार्यालय में डूमतराई व्यापारी संघ और अनाज मंडी के व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष से सौजन्य मुलाकात की।

### शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने टैगलाइन और मैस्कॉट प्रतियोगिता



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के लिए स्वच्छता टैगलाइन और मैस्कॉट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को महात्मा गांधी सदन में प्रतियोगिता के डिजिटल पोस्टर का विमोचन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने 31 मई तक प्रविष्टियां भेजी जा सकती हैं। स्वच्छता को प्रोत्साहित करने नगर निगम की ओर से एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

### सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ की बैठक, संगठन विस्तार पर चर्चा



**रायपुर।** सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ की राजधानी में बैठक आयोजित हुई। जिसमें एक नाम, एक आवाज, एक समाज की मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए जोर दिया गया। बैठक के संबंध में समाज के प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे ने बताया कि सामाजिक गतिविधि के लिए संगठन विस्तार के साथ नए लोगों की नियुक्ति किए जाने बैठक आहूत की गई। साथ ही आगामी दिनों में एक भव्य आयोजन प्रदेश स्तरीय किया जाना है इसके लिए चर्चा कर योजना बनायी गयी।

समाज के लिए आगे बढ़ करने पर कार्य करने पर प्रतिभागियों ने जोर दिया। इसके साथ ही टीम को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए आदेशित किया गया इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे, संगठन महामंत्री दिलीप कुर्रे, महामंत्री सी एल जोशी, महामंत्री राजा बंजारे प्रदेश सचिव राकेश बघेल,कोर कमेटी सदस्य हेमलाल भारती , परमेश्वर टंडन, दीकेश टंडन, संदीप गंगेले,जिला अध्यक्ष रमेश जांगड़े, कार्य, अध्यक्ष कुमार महेश्वर, अजय जांगड़े,उपाध्यक्ष जितेश भारती सहित विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बाबुओं की सुस्ती, पांच माह से अटका पीजी डाक्टरों का स्टाइपेंड डीएमई तक पहुंची शिकायत

**रायपुर।** एडमिशन होने के बाद पढ़ाई के साथ अस्पतालों में ड्यूटी करने वाले पीजी डाक्टरों का स्टाइपेंड पांच माह से अटका हुआ है। इसकी वजह मेडिकल कालेजों के विभागीय बाबुओं की सुस्ती को बताया गया है। लंबा समय बीतने के बाद भी विभागवार पीजी चिकित्सकों की सूची तैयार नहीं हो पाई है, जिसके आधार पर उन्हें शिष्यवृति का भुगतान होता है। मामले की शिकायत चिकित्सा शिक्षा संचालक से की गई है, जिसमें तर्क दिया गया है कि स्टाइपेंड नहीं मिलने के वजह से पीजी डाक्टरों को आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्हें यह भी बताया गया है कि स्टाइपेंड के भुगतान में लेट लतीफी हर साल की समस्या है। सूत्रों का कहना है कि काउंसिलिंग के दौरान पीजी की सीटों पर प्रवेश लेने की प्रक्रिया काफी समय तक चलती है। इसके बाद मेडिकल कालेजों के विभागीय क्लर्क इन चिकित्सकों विभागवार सूची तैयार करते हैं और इस आधार पर स्टाइपेंड वितरण करने का काम शुरू किया जाता है।

# भाजपा के 50 और मंडलों के अध्यक्ष तय, अब भी एक दर्जन में पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

प्रदेश भाजपा संगठन का चुनाव यूं तो भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का 17 जनवरी को तय होने के साथ पूरा हो गया है, लेकिन भाजपा के 478 मंडलों में से 63 मंडलों में चुनाव नहीं हो सके थे। अलग-अलग कारणों से चुनाव के लिए लटके मंडलों में से 50 और मंडलों में अध्यक्ष तय हो गए हैं, लेकिन एक दर्जन मंडलों में अब भी पेंच फंसा हुआ है। इन मंडलों के अभी अध्यक्ष बनाने की कवायद चल रही है। इसी के साथ जिन मंडलों के अध्यक्ष तय हो गए हैं, उनमें अब कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ हो गया है। इस माह के अंत तक हर हाल में सभी मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम भी पूरा करना है। भाजपा के प्रदेश संगठन में सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। भाजपा ने प्रदेश के 24 हजार से ज्यादा बूथों में तो चुनाव पूरा करा लिया लेकिन भाजपा के सभी मंडलों में अब तक चुनाव पूरे नहीं हो सके हैं। भाजपा के पहले 405 मंडल थे, चुनाव के पहले 73 नए मंडल भी बनाए गए। कुल मिलाकर 413 मंडलों का चुनाव हो सका और बाकी का चुनाव बच गया। कहीं पर पुराने मंडल अध्यक्ष को फिर से अध्यक्ष बनाना था, क्योंकि उनका एक साल का ही कार्यकाल हुआ था।

## अब चल रहा कार्यकारिणी बनाने का काम



### अब कार्यकारिणी की कवायद

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया है। पहले इसकी डेड लाइन दस मार्च रखी गई, इसके बाद इसको 20 मार्च किया गया। लेकिन पूरा मार्च निकलने के बाद भी कार्यकारिणी नहीं बनी तो फिर अप्रैल में समय दिया गया। अप्रैल भी पूरा समाप्त होने के बाद इसके लिए मई में समय तय किया गया है। मई में भी दूसरा सप्ताह प्रारंभ हो गया है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी पूरी नहीं हो सकी है। जानकारों के मुताबिक मुश्किल से 30 फीसदी मंडलों की कार्यकारिणी ही बन सकी है। बचे 70 फीसदी मंडलों की कार्यकारिणी को इस माह पूरा करने की कोशिश है।

## हरिभूमि ने तीन दिन पहले इस गड़बड़ी को किया था उजागर

# खसरों से हटाए गए नाबालिग शब्द एनआईसी की गलती से हुई थी गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

छत्तीसगढ़ के कई जिलों के खसरा जमीन के मालिक अचानक बालिग से नाबालिग हो गए थे। इन खसरा खातों में निजी लोगों की जमीन के साथ शासकीय जमीनें भी शामिल थीं। प्रदेश के कई जिलों में एक साथ हुई इस बड़ी त्रुटि को हरिभूमि ने उजागर किया था। इस खबर के बाद राजस्व विभाग के अफसरों में हड़कंप भी मचा था, जिसके बाद आनन-फानन में सरकारी छुट्टी होने के बावजूद इस गड़बड़ी को दो दिन के भीतर सुधार लिया गया। सूत्रों के अनुसार यह गड़बड़ी एनआईसी सेंटर से ही हुई थी। भुईयां साफ्टवेयर को अपडेट करने के दौरान कई जिलों के खसरों के खातों में नाबालिग शब्द जुड़ गए थे, जिसे ठीक करने के लिए एनआईसी को भुईयां पोर्टल को रीसेट करना पड़ा। रिसेट करते ही सभी खसरा खाते पहले की स्थिति में आ गए और नाबालिग शब्द हट गए।

हरिभूमि ने 11 मई को खबर प्रकाशित की है, जिसमें प्रदेश के रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बेमेतरा, गौरेला-पेंड्रा, भरतपुर, सक्ती सहित अन्य जिलों के अंतर्गत तहसील क्षेत्रों के सैकड़ों-हजारों खसरा खातों में जमीन के मालिक बालिग से नाबालिग हो गए थे। खसरा खातों में सभी मालिकों के नाम के नीचे नाबालिग शब्द अंकित हो गया था, जो पीडीएफ फाइल में भी शो कर रहा था।

### मैनुअल रिकार्ड बहुत जरूरी

एनआईसी की लापरवाही से जिस तरह से ऑनलाइन रिकार्ड में बड़ी गड़बड़ी हुई है, इसे देखते हुए अब पटवारी राजस्व संघ के प्रांताध्यक्ष भागवत कश्यप का कहना है कि राजस्व संबंधी सारे कार्य अब भुईंया पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन हो रहे हैं। मैनुअल रिकार्ड नहीं रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में अगर ऑनलाइन रिकार्ड में गड़बड़ी होती है, तो उसे मैनुअल रिकार्ड देखकर सुधारा जा सकता है, लेकिन अगर मैनुअल रिकार्ड ही नहीं होंगे, तो गड़बड़ी को सुधारने का दूसरा आप्शन एनआईसी के पास भी नहीं होगा, इसलिए राजस्व संबंधी कार्यों का मैनुअल रिकार्ड भी होना बहुत जरूरी है।




### पंजीयन विभाग में सुविधा देने भुईयां को किया जा रहा अपडेट

शासन ने नामांतरण का अधिकार तहसीलदारों और पटवारियों से छीनकर पंजीयन विभाग को देने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेश के कुछ पंजीयन कार्यालयों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में नामांतरण की सुविधा शुरू भी कर दी गई है। इस सुविधा के साथ रजिस्ट्री के समय तुरंत बटांकन भी हो जा रहे हैं। यह सुविधा प्रदेश के सभी पंजीयन कार्यालय में शुरू होनी है। इसे लेकर भुईयां पोर्टल को अपडेट किया जा रहा है, ताकि रजिस्ट्री के दौरान बटांकन और नामांतरण भी आसानी से हो जाए।

### तीन साल पहले भी अपडेट के दौरान हो चुकी है बड़ी गड़बड़ी

भुईयां साफ्टवेयर को अपडेट किए जाने के दौरान वर्ष 2022 में भी इसी तरह एनआईसी से गड़बड़ी हुई थी। उस दौरान भी प्रदेशभर के सभी खसरा रकबों का एक ही नंबर 0139 हो गया था। इसके अलावा कई तहसील ग्रामों के नाम धोने की मशीन, बात करना हो गए थे, वहीं कईयों का रकबा घट गया था। इस गड़बड़ी को भी रीसेट करके ठीक किया गया था।

# नक्सल ऑपरेशन पर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और पुलिस के दावों में विरोधाभास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पूर्व सीएम भूपेश ने उठाए सवाल, मुख्यमंत्री और गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने कहा, बीजापुर में नक्सल ऑपरेशन से जुड़ी घटनाओं और तथ्यों के आधार पर जो सच सामने आ रहा है, उससे लगता है कि नक्सल ऑपरेशन पर छत्तीसगढ़ सरकार का कोई नियंत्रण नहीं बचा है। इस घटनाक्रम ने साबित कर दिया है कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा पद पर बने रहने के काबिल नहीं हैं और उनको तत्काल इस्तीफ़ा दे देना चाहिए। बीजापुर के घटनाक्रम ने कई सवाल खड़े किए हैं, जिससे संदेह पैदा हो गया है।

उन्होंने कहा, 8 मई की रात में हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दावा किया कि ऑपरेशन संकल्प में 22 नक्सली मार गिराए हैं। उसके बाद गृहमंत्री विजय शर्मा ने कह कि कोई ऑपरेशन संकल्प नहीं चल रहा है। पता चला कि बीजापुर जिला अस्पताल में 22 शव पोस्टमार्टम के लिए लाए गए। शव मोर्चुरी में सड़ने लगे तब पुलिस ने 12 मई को शाम को एक रिलीज जारी की। बीजापुर में पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन संकल्प में कुल 31 नक्सली मारे गए हैं। अब तक कुल 20 नक्सलियों के शवों की पहचान कर ली गई है।

### भूपेश ने किए सात सवाल

श्री बघेल ने सवाल किया कि क्या ऑपरेशन संकल्प चल रहा है?



अगर हां तो इसका क्या विवरण है? ऐसा कैसे हो सकता है कि पुलिस कोई ऑपरेशन चला रही है और गृहमंत्री को इसकी जानकारी नहीं है? कुल कितने शव बरामद किए गए? अगर 31 नक्सली मारे गए तो बीजापुर में 22 शव ही कैसे पहुंचे हैं? बाक़ी के शव कहां हैं? अगर सुरक्षा बलों को इतनी बड़ी सफलता मिली तो इसकी घोषणा करने में इतना समय क्यों लगा? जिनकी पहचान की गई उनके क्या-क्या नाम हैं? जिन शवों को पहचानकर हैंडओवर किया गया, जिनको हैंडओवर किया गया उनके क्या नाम हैं? और उनसे उनका क्या रिश्ता है? कितने शव को पहचानना अभी बाक़ी है?

## बेलसोंडा में जनपद उपाध्यक्ष ने कराया गृह प्रवेश





**महासमुंद।** सरकार के महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास के तहत निर्माण कार्य जारी है। ग्राम बेलसोंडा में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने हितग्राही कुंती सतनामी, अनसुईया धीवर, राजकुंवर धीवर के यहां प्रधानमंत्री आवास में पूजन कर गृह प्रवेश कराया। प्रत्येक गरीब परिवार को पक्का मकान मिले, ऐसा मोदी सरकार का सपना है। उस सपना को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव सरकार विशेष ध्यान दे रही है। आवास योजना के लाभान्वित हितग्राहियों ने सरकार का आभार जताया। कार्यक्रम में बेलसोंडा सरपंच प्रीति धीवर, पंच पिंकी चंद्राकर, त्रिभुवन धीवर आदि मौजूद रहे।

# सीबीएसई 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित प्रतिभा पब्लिक के छात्रों का उल्लेखनीय प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



अखिल भारतीय स्तर पर कक्षा 12वीं तथा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित किया गया, जिसमें स्थानीय स्तर पर प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। कक्षा 12वीं वाणिज्य एव विज्ञान दोनों संकायों का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। वाणिज्य संकाय में 38 विद्यार्थी तथा विज्ञान संकाय में 52 विद्यार्थी ने प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हुए। वाणिज्य संकाय से यश अग्रवाल 95.4, हिमानी चंद्र 92.6, जागृति अग्रवाल 91.6 शौर्य अग्रवाल 91.2 तथा सिया अग्रवाल ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विज्ञान संकाय से हरिश पटेल 89.4, अंश गोयल 89.2, अमन साहू 89.2, पीयुष पटेल 87.6, स्नेहा बारिक 87.2 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में शीर्ष 5 स्थान अर्जित किए। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। अंश अग्रवाल 93.2 प्रतिशत, आद्या अग्रवाल 92.6, अकनीम प्रधान 92.4, समृद्धि अग्रवाल 92.4, चहक अग्रवाल 92, खुशबु अग्रवाल 91.4, गुनगुन अग्रवाल 91.2, वंशिका उवोबेजा 91., सिया अग्रवाल 90.8, कृष्णा अग्रवाल 90.4 प्रतिशत, वैभव उवोबेजा 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में शीर्ष 11 स्थान अर्जित कर शाला एवं नगर का गौरव बढ़ाया है। इनकी सफलता पर शाला प्रबंधन से संचालक आभाष अग्रवाल समिति अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, प्राचार्य नरहरि पटनायक, उपप्राचार्य नासिर खान के साथ से समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शाला परिवार ने हर्ष जताया।

# पीएम आवास के तहत हर हितग्राही को मिलेगा मकान किसानों की भी आय बढ़ाने पर किया जाएगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, छत्तीसगढ़ के किसानों को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास करेंगे। पीएम आवास पर उन्होंने कहा, वो सरगुजा के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए छत्तीसगढ़ आए हैं। जहां वो पीएम आवास के हितग्राहियों को मकान की चाबी सौंपेंगे। साथ ही नए पीएम आवास बनाने को लेकर कई घोषणाएं करेंगे। उन्होंने पीएम आवास के पिछली सरकार के बचे हुए कामों को भी पूरा करने के लिए सीएम विष्णुदेव साय को धन्यवाद दिया। श्री चौहान ने कहा, जनमन योजना के तहत अति पिछड़े वर्ग को भी मकान का लाभ दिया जा रहा है।

रायपुर के मंत्रालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में शिवराज सिंह चौहान ने कहा, नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने के बाद उन्हें भी पीएम आवास के तहत मकान दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में इसके लिए सरकार अलग से अभियान चला रही है। अभियान में केंद्र भी प्रदेश सरकार के साथ है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों को भी पीएम आवास के तहत मकान दिया जाएगा। श्री चौहान ने कहा, केंद्र ने नक्सली हिंसा के पीड़ितों और आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए 15,000 मकान भी स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा, नया सर्वेक्षण किया जा रहा है और पिछली सूची में शामिल नहीं होने वालों को भौतिक सत्यापन के बाद आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

### 'जशप्योर' ब्रांड के उत्पादों की शिवराज ने की सराहना

*केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और स्वावलंबन की भावना से ओतप्रोत 'जशप्योर' ब्रांड के उत्पादों की सराहना की। उन्होंने 'जशप्योर' के उत्पादों की सराहना करते हुए कहा, यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।*



*'जशप्योर' न केवल एक ब्रांड है, यह छत्तीसगढ़ी माटी की महक, आदिवासी बहनों की मेहनत और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ का प्रतीक बन चुका है।*

### तीन लाख से अधिक मकानों का आवंटन पत्र सौंपूंगा

विधानसभा चुनावों के दौरान पीएम मोदी ने लोगों को घर देने का वादा किया था। पिछले साल लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ के लिए 8.47 लाख मकान स्वीकृत किए गए थे। बाद में 3.03 लाख और मकान स्वीकृत किए गए। उन्होंने कहा, आवास प्लस 2018 की सर्वेक्षण सूची के अनुसार केवल 3,00,768 लाभार्थियों को मकान मिलना बाकी है और आज मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री को इन शेष मकानों के लिए आवंटन पत्र सौंपूंगा।

### मनरेगा की राशि में होगा इजाफा

शिवराज सिंह ने कहा, पीएम आवास के लिए मनरेगा के तहत जारी की जाने वाली राशि में बढ़ोतरी की जाएगी। अभी ये राशि 3555 करोड़ रुपए हैं। जिसमें पीएम आवास बनाने के दौरान मनरेगा के तहत राशि दी जाती है। लेबर बजट को आगे रिवाइस किया जाएगा।

### नक्सलगढ़ में भी बिछ रहा सड़कों का जाल

छत्तीसगढ़ में अब सड़कों का जाल बिछा है. 42471 किलोमीटर की सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से बनाई गई है। 472 नए पुल बनाए गए हैं। योजना के तहत नई सड़कें भी बनीं हैं। प्रदेश में 715 सड़कें 1192 करोड़ की राशि से बनीं हैं।

### किसानों की आय बढ़ाना है लक्ष्य

नए वैज्ञानिक अनुसंधान सीधे किसानों के पास पहुंच सकें, इस दिशा में काम किए जा रहे हैं। किसानों को अलग-अलग श्रेणियों में खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। आय यदि बढ़ाना है, तो अलग-अलग खेती करनी होगी। फलों की खेती, फूल और दूसरे किस्म की सब्जियों की खेती करनी होगी।

### शिवराज ने कहा- विपक्ष पीएम मोदी का विरोध करते-करते सेना और देश के खिलाफ ना जाए

*पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर लांच किया। ऑपरेशन में भारतीय सेना ने पाकिस्तान में स्थित आतंकियों पर कार्रवाई की। आतंकी अड्डों को तबाह किया। उसके बाद दोनों देश के बीच सीजफायर हो गया। सीजफायर को लेकर देश में राजनीति चरम पर चल रही है। कांग्रेस मोदी सरकार से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग कर रही है। इस बीच केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने बड़ा बयान दिया है।*

# ग्राम पलौद के समाधान शिविर में 22 मांग व 3 शिकायतों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सुषासन तिहार के तहत मंगलवार को अभनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत पलौद में समाधान शिविर लगाया गया। इस शिविर में 131 आवेदनों में मौके पर ही 22 मांग और 3 शिकायतों का निराकरण किया गया। शिविर में क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू, कलेक्टर गौरव सिंह, एसएसपी लाल उमेद सिंह, अध्यक्ष चंद्रिका बंजारे, उपाध्यक्ष खेलूराम साहू, जिला सदस्य यशवंत साहू, सरपंच सुषमा मणीराम सहित अन्य पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस शिविर में मनरेगा से 4 जॉबकार्ड, 22 राशनकार्ड, समाजकल्याण विभाग द्वारा 2 ट्रायसायकल, 5 छड़ी, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना अंतर्गत 4 डेमो चेक, श्रम विभाग द्वारा 7 श्रमिकों को श्रमकार्ड, एसबीआई फाउंडेशन जीवन टीबी केयर परियोजना स्कूल एनजीओ रायपुर की ओर से टीबी मरोजो को निःशुल्क 4 फूड पैकेट, कृषि विभाग द्वारा 1 कृषक को धान बीज तथा 4 कृषक को क्रेडिट कार्ड, 50 प्रतिशत अनुदान पर 2 कृषकों को नेपसेक स्केयर तथा मत्स्य विभाग द्वारा 2 लोगों को महाजाल, उद्यान विभाग द्वारा 10 कृषकों को सब्जी, बीज, सब्जी मिनिकीट का वितरण किया गया। शिविर में गोदभराई, अन्नप्रसान की रस्म भी की गई।

### सुशासन तिहार शिविर में पानी का प्रेशर कम आने, बोरवेल सूखने की शिकायत, मौके पर बनाकर दिये श्रम पंजीयन और राशन कार्ड

राजधानी के शंकरनगर इलाके के सिंधु भवन में मंगलवार को नगर निगम जोन 3 के 7 वार्डो के लिए सुशासन तिहार शिविर लगाया गया। शिविर में गुरु गोविंद सिंह वार्ड के लोगों में नलों में पानी का प्रेशर कम आने की शिकायत की। भुक्तभोगियों का कहना है, बोरवेल सूखने से उन्हें पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड के रेलवे पटरी किनारे बसी बस्ती में पानी के लो प्रेशर से त्रस्त लोगों ने शिविर में खुलकर अपनी बात रखी। 1920 आवेदनों में से 1667 आवेदन मांग से संबंधित और 253 शिकायतें आम जनता से प्राप्त हुईं, जिसका मौके पर समाधान किया गया।

**खबर संक्षेप**

## मेरिट लिस्ट में गर्वित ने बनाई जगह

**महासमुंद**। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) नई दिल्ली ने 13 मई को कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किये, जिसमें वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा बारहवीं बोर्ड में विज्ञान संकाय से गर्वित देवकर ने 94.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम, चंद्रहास साहू ने 90.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय, चंद्रकांत साहू ने 90.4 के साथ तृतीय, विदुषी यादव ने 88.6 के साथ चतुर्थ एवं आर्यन चंद्राकर ने 88 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय से वंश इसरानी 87 प्रतिशत के साथ प्रथम, सिमरन कुकरेजा ने 86.4 के साथ द्वितीय, ताजवर साजिया ने 81 के साथ तृतीय, मिस्टी चंद्राकर ने 80 के साथ चतुर्थ एवं वाणिज्य संकाय से ही राहुल चांडक ने 79 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा दसवीं बोर्ड में मनप्रीत कौर 95.6 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान, शौर्य देवांगन ने 94.4 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, प्रत्यूष चंद्राकर ने 91.4 प्रतिशत तृतीय स्थान, प्रज्ञा अग्रवाल ने 91 प्रतिशत के साथ चतुर्थ एवं हिया साहू ने 90 प्रतिशत अंक लेकर पांचवां स्थान प्राप्त किया।

## राज्य सूचना आयुक्त के लिए इंटरव्यू 28 को

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त पद के लिए इंटरव्यू 28 मई को होगा। इंटरव्यू के लिए पात्र आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है। राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए मिले आवेदनों के संबंध में मापदंड तय कर परीक्षण और अनुशंसा देने के लिए सर्च कमेटी का गठन किया गया है। एसीएस मनोज कुमार पिंगुआ इस कमेटी के अध्यक्ष हैं। कमेटी की बैठक श्री पिंगुआ की अध्यक्षता में 9 मई को रखी गई थी। इस कमेटी को कुल 231 आवेदन 172 आवेदकों की ओर से मिले थे।

**निधन**

## लक्ष्मी दवे

**महासमुंद**। केंद्रीय विद्यालय के पास बीटीआई रोड निवासी लक्ष्मी दवे पति स्व. कृष्ण दवे (90) का 14 मई 2025 को निधन हो गया है। वे गत कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। वे अनूप कुमार दवे, संजय कुमार दवे, संदीप कुमार दवे, कल्पना भट्ट एवं अनिता दवे की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार 15 मई 2025 गुरुवार को प्रातः 10 बजे भलेसर रोड महासमुंद स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।



# कथा के दौरान कृष्ण जन्मोत्सव, गुजरात में छग परंपरा के तहत बांटे कांके पानी

## श्रेष्ठ गुरु से ही होगा जीवन का कल्याण, इसलिए सोच समझकर बनाए गुरुः पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



द्वारका धाम में चल रहे भागवत कथा के दौरान भगवान के विभिन्न अवतारों की कथा का बखान करते हुए जैसे ही भगवान कृष्ण ने जन्म लिया। वैसे ही लोग एक दूसरे को बधाई देने लगे। भगवान कृष्ण के आने पर उपस्थितजनों ने धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया। साथ ही गुजरात में छत्तीसगढ़ की परंपरा कायम रखते हुए कांके पानी का वितरण किया गया।

इसके पूर्व भगवताचार्य पं. पंकज तिवारी ने वामन अवतार कथा के माध्यम से बताया कि जब राजा बलि ने तीनों लोक में आधिपत्य कर लिया तो सृष्टि संचालन में बाधा उत्पन्न हुई और इसके निवारण के लिए भगवान विष्णु ने देवताओं के अनुरोध पर वामन अवतार लेकर राजा बलि के यज्ञ में पहुंचे और उनसे तीन पग जमीन मांगी और एक पग से जमीन, दूसरे पग से आकाश को नाप कर बाली से कहा कि तीसरा पग कहां रखूं, इस पर बाली में भगवान के श्रीचरणों के लिए अपना सिर आगे कर दिया। भगवान ने पाताल लोक का राजा बनाकर स्वयं बलि के द्वारपाल बन गए। उन्होंने बताया कि जब-जब धरा पर पाप कर्म बढ़ता है तो धर्म की रक्षा करने भगवान धरती पर अवतार लेते हैं। उन्होंने कंस के अत्याचार का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि पाप कर्म से मां धरती व्यथित हो गई और भगवान से विनती करते हुए धर्म रक्षा के लिए गुहार लगाई। तो भगवान माता देवकी के गर्भ से प्रकट हुए। इसके पूर्व तिवारी ने बताया कि सुखदेव महाराज ने पाप कर्म से उपाय के अनेक मार्ग बताया है। पापियों को कर्म के अनुसार नर्क में यातनाएं दी जाती है। उन यातनाओं से बचना है तो पापियों को जीते जी पाप कर्मों का प्रायश्चित कर लेना चाहिए। अन्यथा उन्हें नर्क में पाप कर्म के अनुसार यातनाएं भोगना पड़ता है। द्वारका धाम की महत्ता बताते हुए पंकज तिवारी ने कहा कि द्वारका धाम की यात्रा करने की जो सोचते हैं, उसी दिन से उसके पाप कर्म नष्ट होने लगते हैं। जो लोग इस धाम में भगवान के श्री विग्रह का स्नान करते हैं। उन्हें सौ अश्वमेध यज्ञ के बराबर फल मिलता है। इसी तरह शुद्ध कपड़े से श्री विग्रह पोंछने वाले के पांच जन्मो का पाप नष्ट हो जाता है। उन्होंने गुरु और गुरु मंत्र की महत्ता बताते हुए कहा कि गुरु श्रेष्ठ होना चाहिए, तभी कल्याण होता है। किसी को भी गुरु बना लेने से कल्याण नहीं हो सकता। जिन्होंने गुरु दीक्षा नहीं ली है वे भगवान को अपना गुरु मान सकते हैं और अपने आराध्य के मंत्र जाप कर अपना जीवन संवार सकते हैं। संशय की स्थिति में केवल गुरु ही आपको सत्मार्ग बता सकता है। जिसने भगवान को अपना गुरु माना है और संशय की स्थिति हो तो वह सोते समय आराध्य के मंत्र का जाप कर सो जाए तो उन्हें अवश्य ही संशय से उबरने का रास्ता मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा अनेक गुरुओं से ली जा सकती है। लेकिन दीक्षा एक ही गुरु से लिया जाता है। जिस धाम में जाएं उस धाम में उस देव के मंत्र का जाप करे। यदि उस धाम के आराध्य के मंत्र जाप आपको नहीं मालूम तो अपने आराध्य के नाम का जाप कर सकते हैं। इससे उन्हें अनेक गुण पुण्य फल मिलेगा।

### सवा-सवा लाख गणपति व द्वादश मंत्राक्षर का जाप

द्वारका धाम गुजरात स्थित श्री माहेश्वरी सेवाकुंज में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के दौरान भगवताचार्य पं. पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में 11 पंडितों केशव प्रसाद शास्त्री, कमलेश चौबे, शंकर प्रसाद दुबे, दिनेश चौबे, नरेश दीवान, चिन्मय दीवान, राम अवतार तिवारी, सूर्य प्रकाश उपाध्याय, वैभव दीवान, रितेश दुबे, उत्कृष्ट शुक्ल द्वारा जजमानों, नगर व विश्व कल्याण भाव से भागवत पारायण, सहस्त्रनाम पाठ, सवा लाख गणपति का जाप, सवा लाख द्वादश मंत्राक्षर का जाप 21-21 हजार गायत्री व महामृत्युंजय जाप के अलावा सवा लाख बीज मंत्र का जाप किया जा रहा है।

इसके अलावा मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय, सह जजमान मनोजकांत सीमा, देवी साहू द्वारा प्रतिदिन सुबह 8 बजे वेदी पूजन के बाद चंद्रमौलेश्वर महादेव का अभिषेक किया जा रहा है। 14 मई को 7 लीटर दूध से भगवान चंद्रमौलेश्वर महादेव का दुग्धाभिषेक किया गया। भागवत आचार्य पंडित पिवारी ने बताया कि धाम में किए गए किसी भी धर्म कार्य का करोड़ों गुना फल मिलता है।

**आयोजना:** आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

# कड़ा परिश्रम व एकाग्रता ही छात्रों की वेशभूषा: विधायक योगेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे। विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने की। इसके अलावा जनभागीदारी समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। इसमें डॉ. मंजू शर्मा, राकेश श्रीवास्तव, सुजाता विश्वनाथन, अमन वर्मा, अनुज पांडे, अजय चोपड़ा, यतिंद्र राव, उत्तरा प्रहरे, राधेश्याम ध्रुव, संदीप घोष पूर्व मंडल अध्यक्ष, हरबंस सिंह एवं रमेश पटवा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। अपने स्वागत भाषण में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय की प्राचार्य अग्रवाल ने छात्रों को वर्ष भर में हुई अनेक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए उनका स्वागत अभिनंदन कर आशीर्वाद प्रदान किया। और बताया कि महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मल्टीपल एंट्री व एग्जिट का प्रावधान है, इसके लिए वार्षिक परीक्षा पूर्व छात्रों को वर्षभर हुए कार्यक्रमों में प्राप्त पुरस्कारों का वितरण आवश्यक है। विशेष अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष पाली ने



पुरस्कार समारोह को छात्र-छात्राओं की सच्ची ईमानदारी और मेहनत का प्रतीक बतलाया। मुख्य अतिथि विधायक सिन्हा ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी छात्र-छात्राएं देश का भविष्य है और आपकी कड़ी मेहनत एवं परिश्रम ही आपके महाविद्यालय माता-पिता समाज व देश का नाम गौरवान्वित करता है। साथ ही महाविद्यालय भवन के लिए जल्द ही 10 एकड़ भूमि के चिन्हांकन के लिए आश्वासन दिया है।

पुरस्कार वितरण समारोह में वर्ष भर में महाविद्यालय में हुए विभिन्न आयोजनों जैसे सुशासन दिवस में नारा लेखन के लिए प्रथम स्थान ट्विंकल साहू, वाद विवाद में हर्षिता प्रथम, मानसी छतरी द्वितीय, डूपेश सिन्हा तृतीय, भाषण में फरजाना कुरैशी प्रथम, तुषार साहू द्वितीय, चिराग साहू तृतीय रहे। नशामुक्ति अभियान कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक में 18 प्रतिभागी रहे। विकसित भारत निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जसलीन, द्वितीय स्थान छाया साहू, तृतीय स्थान प्रज्ञा गुप्ता का रहा। वीर बाल दिवस भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्या गंदेचा, द्वितीय स्थान शिवानी दवे रही। संविधान दिवस में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अदिति साहू, द्वितीय स्थान अक्षांश त्रिवेदी, तृतीय रुचिका यादव, क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष ग्रुप, द्वितीय स्थान बीकॉम द्वितीय वर्ष ग्रुप, तृतीय स्थान बीए द्वितीय वर्ष ग्रुप के छात्र-छात्राएं रहे। इसी श्रृंखला में पोस्टर मेकिंग में श्रद्धा, निखिल, आकृति यादव क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय रहे। रंगोली में तोषिका प्रथम, जिज्ञासा चंद्राकर द्वितीय। नुक्कड़ नाटक में कुल आठ विद्यार्थी प्रतिभागी रहे। विश्व हिंदी दिवस काव्य पाठ में अनन्या यादव, मयंक पांडे, हेमलता निषाद, मनीष साहू प्रतिभागी रहे। मतदाता दिवस के क्विज में तोशिका, हेमलता, जिज्ञासा, विजयलक्ष्मी ने स्थान प्राप्त किया। रंगोली में तोशिका व हेमलता निषाद प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे। इस प्रकार कुल 19 छात्र-छात्राओं ने प्रथम, 14 ने द्वितीय व 12 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा 59 लोगों ने प्रतिभागी के रूप में पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम का आभार व्यक्त रवि देवांगन सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र ने किया। इसके अलावा महाविद्यालय कार्यक्रम का सफल संचालन निलेश कुमार तिवारी अतिथि शिक्षण सहायक गणित ने किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक (हिंदी) प्रतिमा चंद्राकर, तरुण कुमार बांधे सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, अतिथि व्याख्याता मुकेश सिन्हा कंप्यूटर एप्लीकेशन, डॉ ग्लेडिस एस मैथ्यू समाजशास्त्र, हरिशंकर नाथ राजनीति विज्ञान, आलोक हिरवानी कंप्यूटर साइंस, चित्रेश बरेठ रसायन शास्त्र, संजय कुमार अंग्रेजी, शिखा साहू भौतिक शास्त्र, त्रिपेश साहू क्रीड़ा अधिकारी, खुशबू ग्रंथपाल, जगतारण बघेल लैब टेक्नीशियन, शेषनारायण साहू लैब टेक्नीशियन, नानक साहू कंप्यूटर ऑपरेटर समेत समस्त छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे: कलेक्टर

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत तीसरे चरण का समाधान शिविर सरायपाली जनपद पंचायत के क्लस्टर ग्राम पंचायत सिंघोड़ा के शासकीय हाईस्कूल मैदान परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, धर्मेंद्र चौधरी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस. आलोक, अपर कलेक्टर रविराज ठाकुर मौजूद थे।

शिविर में सिंघोड़ा क्लस्टर के 13 ग्राम पंचायतों से प्राप्त कुल 2629 आवेदनों में से 2622 आवेदनों का निराकरण सुशासन तिहार के दूसरे चरण में संबंधित विभागों द्वारा किया गया, जिन्हें आज शिविर में जनसमूह के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 13 ग्राम पंचायत बंदालीमाल, भगतसराईपाली, चारभाठा, चिवराकुटा, घाटकछार, घुंचापाली, कलेण्डा, माल्दामाल, पण्डरीपानी, पतेरापाली, रिमजी, बांझापाली एवं सिंघोड़ा शामिल थी। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत पिरदा हाई स्कूल भवन, बसना अंतर्गत ग्राम बरोली पूर्व माध्यमिक शाला एवं बागबाहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिर्रीपठारीमुड़ा में समाधान शिविर का आयोजन हुआ।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुसार सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सिंघोड़ा में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 तारीख तक जितने भी आवेदन प्राप्त हुए थे उनके निराकरण की जानकारी संबंधित विभागों द्वारा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा आवेदन प्रधानमंत्री आवास,राशन कार्ड,पुल पुलिया, सड़क, पानी की समस्या के प्राप्त हुए। जिसे जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। जिन मांगों के लिए संसाधन और बजट उपलब्ध थे, उन पर तत्काल कार्रवाई की गई, जबकि अन्य मांगों के लिए स्वीकृति की प्रतीक्षा की जा रही है। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि यह समाधान शिविर आप सभी ग्रामीणजनों के लिए है। ताकि, आपकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध रूप से हो सके। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि"आज के शिविर में भी अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए जा सकते हैं, जिसके लिए एक अलग काउंटर बनाया गया है। आज के शिविर में कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका यथाशीघ्र निराकृत किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे।

शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ सरल और सुगम तरीके से प्राप्त हो। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वयं भीषण गर्मी में भी औचक निरीक्षण कर रहे हैं और सीधे आमजन से मिलकर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं। भास्कर ने शिविर में उपस्थित सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लें और विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों से योजनाओं की जानकारी लें और उनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कलेक्टर लंगेह एवं जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। स्टॉल में अधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई।

शिविर के दौरान कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा गृह प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में अंबिका ठाकुर, सुनील निषाद,मीणा पाणिग्रही, कपूर मेहर, संतारा कार्री को प्रधानमंत्री आवास पूर्णतः प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसी के साथ ही गायत्री महिला स्व सहायता समूह, संतोषी महिला स्व सहायता समूह व स्वयंसिद्धा स्व सहायता समूह को ऋण स्वीकृति पत्र एवं कृषक महेन्द्र जैन को किसान किताब और 25 हितग्राहियों को स्वामित्व कार्ड प्रदान किया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास के स्टॉल पर कुमारी भास्कर द्वारा जयकुमारी सोनी और अंजली सवई की गोदभराई रश्म अदा की गई। इसी के साथ ही दो नन्हें बच्चे प्राशा मिरी और विवेक अंडिल का खीर खिलाकर अन्नप्राशन का रश्म किया गया। शिविर में प्रकाश पटेल जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, रश्मि तन्मय पंडा सरपंच सिंघोड़ा, प्रभात पटेल सरपंच पतेरापाली, सैंधव विशाल सरपंच बांझापाली, तहसीलदार श्रीधर पंडा, जनपद सीईओ अमित हलधर सहित संबंधित ग्राम के ग्रामीणजन और ब्लॉक के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि जिले में कुल 49 समाधान शिविर का आयोजन किया जाना है।

# एक वर्ष से अधिक लंबित राजस्व प्रकरणों का 6 माह में हो निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- शिक्षा विभाग को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश
- सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने पर दिया जोर

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की बैठक लेकर विभागीय कार्यों और शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में सुशासन तिहार की प्रगति की समीक्षा की गई और विभिन्न योजनाओं पर कार्य की गुणवत्ता पर जोर दिया गया। बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी जिला अधिकारी सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। उन्होंने कहा कि 31 मई 2025 तक आयोजित सभी शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के महासमुंद आगमन पर दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभी अधिकारी सक्रियता से कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लेन-देन या भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर संबंधित को पद से हटाने की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि है। कलेक्टर लंगेह ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अतिक्रमण की शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यदि अतिक्रमण पंजी में मामला दर्ज नहीं है, तो संबंधित पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। राजस्व विभाग को निर्देश दिए गए कि फील्ड में कसावट और सक्रियता स्पष्ट दिखाई देनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि एक वर्ष से अधिक समय से लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का अगले छह माह में अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए। संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि आगामी तीन महीनों में राजस्व विभाग स्वामित्व योजना के अंतर्गत नक्शा अपडेट करने और पट्टों का वितरण सुनिश्चित करे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि स्वामित्व संबंधी विवादों का समाधान शीघ्रता से हो सकेगा। कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इसके अंतर्गत सभी परिवारों का जाति प्रमाण, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। चिन्हित कार्यों की जमीनी स्थिति स्पष्ट रूप से सामने आनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि योजना की मॉनिटरिंग में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी, फील्ड विज़िट कर के वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन किया जाए। उन्होंने पीएचई विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में पेयजल की कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए। आवश्यकतानुसार बोर खनन किया जाए। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को सभी कार्य प्रारंभ करने और प्रगतिरत कार्यों की निगरानी और समयसीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि खाद और बीज की खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, कालाबाज़ारी रोकने अब सभी सहकारी समितियों में पॉस मशीन के माध्यम से खरीदी की जाएगी। सभी समितियां को पहले से पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। ताकि, किसानों को समय पर सामग्री मिल सके। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि परीक्षा परिणामों में सुधार के लिए कार्ययोजना तैयार करें और उसे प्रभावी रूप से लागू करें। छात्रों की प्रगति की निगरानी के लिए साप्ताहिक मूल्यांकन, शिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम और अभिभावकों को छात्रों की प्रगति से अवगत कराने के लिए नियमित बैठक आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि पीएमश्री स्कूलों में अप्रारंभ कार्य प्रारंभ करें। कलेक्टर ने कहा कि संयुक्त टीम अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करें।



# निर्वाचन आयोग ने 20 साल पुरानी मतदाता पहचान पत्र नंबरों की समानता की समस्या का किया समाधान

**महासमुंद**। भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समानता से संबंधित 20 साल पुरानी समस्या को सफलतापूर्वक हल कर लिया है। यह समस्या 2005 से चली आ रही थी, जब विभिन्न निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा समान अल्फान्यूमेरिक श्रृंखला के उपयोग के कारण कुछ वास्तविक मतदाताओं को क जैसे ईपीआईसी नंबर जारी कर दिए गए थे।

इस जटिल समस्या के समाधान हेतु ईसीआई ने 99 करोड़ से अधिक मतदाताओं के पूरे डेटाबेस की गहन जांच की, जिसमें देश के 36 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश, 4,123 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और 10.5 लाख मतदान केंद्र शामिल थे। औसतन चार मतदान केंद्रों में से केवल एक में समान ईपीआईसी नंबर पाया गया। क्षेत्रीय सत्यापन के बाद पुष्टि हुई कि ये सभी मतदाता वास्तविक थे और भिन्न निर्वाचन क्षेत्रों व मतदान केंद्रों से संबंधित थे। इन सभी मतदाताओं को नए ईपीआईसी नंबरों के साथ नए पहचान पत्र जारी कर दिए गए हैं। यह समस्या उस समय शुरू हुई जब 2005 में राज्यवार विकेंद्रित प्रणाली के तहत ईपीआईसी नंबरों की अल्फान्यूमेरिक श्रृंखलाएं लागू की गईं। 2008 के परिसीमन के बाद इनमें बदलाव किए गए, लेकिन कुछ क्षेत्रों में पुरानी श्रृंखलाओं का प्रयोग या टाइपिंग में त्रुटियां होने से यह समस्या बनी रही।

ईसीआई ने यह भी स्पष्ट किया कि समान ईपीआईसी नंबर होने के बावजूद किसी भी मतदाता को गलत मतदान केंद्र पर वोट डालने की अनुमति नहीं मिली, क्योंकि मतदाता का नाम उसके निवास स्थान से जुड़ी मतदाता सूची में ही दर्ज होता है। अतः इस तकनीकी समस्या का किसी भी चुनाव के परिणामों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

HEALTH TOWN
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# गौरव पथ चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

शहर के बीटीआई रोड गौरव पथ चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत शुभारंभ बुधवार को हुआ। स्थानीय बरोंडा चौक में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुख्य आतिथ्य में यह कार्यक्रम हुआ। यह शहर की बहुप्रतीक्षित मांग थी, जो अब जल्द ही पूरा होने वाला है।

बता दें कि बीटीआई रोड शहर के मुख्य मार्गों में से एक है। कई प्रशासनिक दफ्तर, स्कूल, कॉलेज का पहुंच मार्ग इसी बीटीआई रोड से जाता है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों को भी शहर से जोड़ने वाला एक मुख्य मार्ग है। इसलिए गौरव पथ चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण की मांग काफी समय से की जा रही थी। जिस पर शासन ने कार्य के लिए मंजूरी दे दी। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कार्य का भूमिपूजन किया गया था। बुधवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने विधिवत कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गौरव पथ के सौंदर्यीकरण की मांग काफी समय से की जा रही थी। इस रास्ते से दिनभर लोगों का आना जाना लगा रहता है। शहर के साथ साथ आसपास ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के आवागमन का भी यही रास्ता है। लोगों को आवागमन में परेशानी न हो इसके लिए ही रोड का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। लगभग 18 करोड़ की लागत से 3 किलोमीटर लंबाई तक सौंदर्यीकरण कार्य होगा।



### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, माधव राव टांकसाले, संदीप दीवान, सतपाल सिंह पाली, मुन्ना साहू, बंटी शर्मा, हरवंश सिंह, नारेंद्र गिरी, प्रशांत वास्तव, संदीप घोष, भाऊराम साहू, मीना वर्मा, आनंद गिरी, माखन पटेल, मनीष शर्मा, शुभ्रा शर्मा, गोपाल वर्मा, सुरेश साहू, अग्रज शर्मा, उत्तरा प्रहरे, सुजाता विश्वनाथन, सीता डोंडेकर, जय चोपड़ा, सुरेखा कंवर, लक्ष्मी साहू, रेखा बेहरा, राजेंद्र चंद्राकर, सोनाधर सोनवानी, पीयूष साहू, गोविंद ठाकुर, हनीश बग्गा, सूर्यप्रताप सिंह, नंदू जलक्षत्री, अमन वर्मा, अमित साहू, अभिषेक पांडे, शरद राव, नईम खान, रामेश्वर पटवा सहित अन्य नेतागण, पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधि सहित आमजन उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### बारहवीं में आदित्य को मिला 92 प्रतिशत



**महासमुंद।** ग्राम लभराकला निवासी प्रदीप प्रकाश के सुपुत्र आदित्य प्रकाश गिरि वर्तमान में कांगेर वैली स्कूल रायपुर में पढ़ाई कर रहे हैं, उसने सीबीएसई की बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 92.89 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। आदित्य की इस सफलता पर गोस्वामी समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, वरिष्ठ पदाधिकारी रामेंद्र प्रकाश गिरि, उमेश भारती, अशोक गिरि, विजय पुरी, शंकर पुरी, दुर्वासा गिरि, सुरेंद्र गिरि, डिगेंद्र गिरि, ओमप्रकाश पुरी, यशवंत गिरि, सीता गोस्वामी, देवेंद्र गिरि, आशुतोष पुरी आदि ने हर्ष जताया है।

### पीजी कॉलेज में भौतिकशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षाएं 16 व 17 को

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की भौतिकशास्त्र की डीएससी विषय की प्रायोगिक परीक्षा 16 मई तथा एईसी विषय की प्रायोगिक परीक्षा 17 मई को प्रातः 9 बजे से आयोजित है। समस्त नियमित/अमहाविद्यालयीन विद्यार्थी समय पर अपनी उपस्थिति दें। अन्य जानकारी के लिए महाविद्यालय के भौतिक विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

### 20 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 05 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए के मान से कुल 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम छिंदौली के मृतक राजा यादव एवं बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम कापूडीह के मृतक भूपत उर्फ गुप्तराम के वारिसानों के लिए तथा सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम डिपापारा के मृतक योगेश तिवारी के परिजन के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार आग में जलने से मृत्यु होने पर विकासखण्ड सरायपाली अंतर्गत ग्राम राफेल के मृतक जगबंधु राणा एवं बिजली गिरने से मृत्यु होने पर ग्राम बलोदा की मृतिका सोहद्रा राउतिया के परिजनों के लिए 04-04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### 12 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश मिला

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन की पहल सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत विकासखंड पिथौरा की ग्राम पंचायत पिरदा में 13 मई को आयोजित समाधान शिविर में समाज कल्याण विभाग ने 12 पात्र हितग्राहियों को पेंशन योजनाओं के तहत लाभ प्रदान किया।
शिविर में जनप्रतिनिधियों द्वारा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिरदा के पात्र हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किए गए। लाभ प्राप्त करने वालों में कमलाबाई पटेल, मिनकेतन सिदार, संतोष प्रधान, डंकधर पटेल, उत्तर कुमार प्रधान, परमानंद भोई, नोहर भोई, बीरबल भोई, दाशरथी नायक, सुफल भोई, सतपती निषाद एवं सुग्रची पटेल शामिल हैं।

**विडंबना:** प्रधान पाठक को शिक्षकीय पद मानकर ही किया गया है सेटअप तैयार

# युक्तियुक्तकरण में विसंगति व दोषपूर्ण आदेश में संशोधन करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

शिक्षा विभाग द्वारा शालाओं एवं शिक्षकों का

- सर्व अनुसूचित जाति समाज ने मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव व संचालक के नाम से अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



विसंगति एवं दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण आदेश में 2008 के सेटअप व 2009 शिक्षा के अधिकार अधिनियम को शामिल कर संशोधन करने की मांग सर्व अनुसूचित जाति समाज द्वारा मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव व संचालक के नाम से अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर किया गया है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि प्रधान पाठक को शिक्षकीय पद मानकर ही सेटअप तैयार की गई। जबकि, वर्तमान में विद्यालय की विभिन्न जानकारी, विभागीय बैठक, आनलाइन कार्य, सर्वे, मध्यान्ह भोजन, जाति प्रमाण पत्र, आयुषमान कार्ड, अपार आईडी, विद्यालय संबंधी अन्य कार्यों आदि का संपादन करते है। प्रधान पाठकों को पढ़ाने के लिए समय नहीं के बराबर मिलता है। प्राथमिक शाला में 60 छात्र की दर्ज संख्या में प्रधानपाठक सहित केवल दो शिक्षक तथा 61-90 तक प्रधानपाठक सहित केवल तीन शिक्षक का प्रावधान किया गया है, इससें उक्त विद्यालय अघोषित एकल शिक्षकीय और दो शिक्षक विद्यालय बन जाएंगे। दो शिक्षकों द्वारा पांच कक्षा और 18 कालखंड की पढ़ाई करा पाना संभव नही है। अतः प्रधान पाठक को शैक्षणिक पद से अलग करते हुए पूर्व सेटअप अनुसार प्राथमिक शाला में 60 छात्र तक के दर्ज संख्या में प्रधान पाठक सहित तीन शिक्षक और 61-90 दर्ज प्रधान पाठक सहित चार शिक्षक पदस्थापना प्रावधान किया जावें।

इसी प्रकार माध्यमिक शाला में 105 के दर्ज संख्या तक प्रधानपाठक एवं तीन शिक्षक रखने का आदेश हुआ है। तीन शिक्षकों द्वारा 6 विषय और तीन कक्षाओं की 18 कालखंड की पढ़ाई करा पाना संभव नही है। इसलिए पूर्व सेटअप अनुसार प्रधान पाठक सहित पांच शिक्षक रखा जाए। शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को सहमति लेकर उसी संस्था में स्थायी पदस्थापना हेतु आदेश किया जाए।

वर्तमान युक्तियुक्तकरण आदेश से प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में शिक्षकों की कमी हो जाएगी, जिससे शिक्षा स्तर और गुणवत्ता में गिरावट आएगी। परोक्ष रूप से प्राइवेट स्कूलों को लाभ होगा। भविष्य में और अधिक स्कूल बंद होने की पूर्ण संभावना है। इस आदेश से शासन के प्रति ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के गरीब, मजदूर, किसान परिवारों में सरकार के प्रति गलत संदेश जाएगी। प्रदेश में डीएड, बीएड प्राप्त युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। इसलिए शासन द्वारा शिक्षकों की रिक्त पदों की भर्ती किया जाना चाहिए। जिससे शिक्षा के गुणवत्ता में और सुधार होगी। वैसे विगत दो तीन साल से सरकारी स्कूलों दसवीं बारहवीं की परीक्षा परिणाम बेहतरीन आ रही है। सर्व अनुसूचित जाति समाज के प्रतिनिधि मंडल में दिनेश बंजारे सलाहकार, एचआर बघेल सरंक्षक, तुलेंद्र सागर संरक्षक, रेखराम बघेल जिलाध्यक्ष, टोमन कागजी ब्लॉक अध्यक्ष, राजेश रात्रे, गनेश टंडन, देवेंद्र मिर्चे, रविंद्र टंडन शामिल रहे।

# लोहराकोट में बिंझवार समाज कौड़िया राज-1 की हुई बैठक

### दयाराम तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिथौरा (ग्रामीण)

ग्राम लोहराकोट में आदिवासी बिंझवार समाज कौड़िया राज-1 की विशेष नवपदाधिकारियों की बैठक गरिमामयी वातावरण में हुई। कार्यक्रम की शुरुआत समाज की कुल देवी आदि शक्ति विंध्यवासिनी माता, शहीद वीर नारायण सिंह बिंझवार एवं प्रकृति-पुरखा शक्तियों की अर्जी-विनती एवं सेवा जोहार के साथ की गई।

बैठक में समाज की एकजुटता, संस्कार, परंपरा और संगठनात्मक मजबूती का परिचय देखने को मिला। मातृशक्ति, युवा वर्ग, समाज प्रमुख, शासकीय कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता बालक राम बरिहा ने की, संचालन शिव बरिहा एवं सह-संचालन सन्तु बरिहा ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में कसडोल ब्लॉक अध्यक्ष शंकर बरिहा उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के नव पदाधिकारियों का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया।

पूर्व में निष्पक्ष और निस्वार्थ सेवा दे चुके दयाराम बरिहा को तीसरी बार अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत कर समाज ने उनके नेतृत्व पर पुनः विश्वास जताया। वहीं उपाध्यक्ष सुधराम बरिहा, महामंत्री दुलार सिंह बरिहा, राज कुमार बरिहा, कोषाध्यक्ष ताराचंद बरिहा, सचिव रूपसिंह बरिहा, सहसचिव सन्तु बरिहा, सलाहकार पुरन सिंह बरिहा, बालक राम बरिहा, परमेश्वर बरिहा, तिरीथ राम बरिहा, पदेन सदस्य दशरथ बरिहा, कीर्तन सिंह बरिहा, राज सदस्य शोभाराम बरिहा, लक्ष्मण बरिसा, सईतराम बरिहा, रणजीत बरिहा, सत्यनारायण बरिहा, भगतराम बरिहा, महिला सदस्य राधाबाई बरिहा, अहिल्याबाई बरिहा, खेमबाई बरिहा, चमेली बरिहा, हीराबाई बरिहा, संरक्षक रोहित बरिहा, काशी राम बरिहा, मीडिया प्रभारी सेत कुमार बरिहा, विजय शंकर बरिहा को बनाया गया। साथ ही विभिन्न गांवों के सर्कल अध्यक्ष, महिला प्रभाग, युवा प्रभाग एवं समाजसेवियों की सक्रिय भागीदारी रही। यह बैठक समाज के नवगठित नेतृत्व को दिशा देने के साथ सामाजिक एकता, जागरूकता और विकास का संदेश लेकर हुई।

## सौम्य ने सीबीएसई 10वीं में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बढ़ाया क्षेत्र का मान



**बिरकोनी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (बीसीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में बिरकोनी निवासी छात्र सौम्य साहू ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ग्राम, विद्यालय और परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। बता दें कि सौम्य, शिक्षक दम्पति ईश्वर साहू एवं शिक्षिका लेखनी साहू की सुपुत्र हैं। बचपन से ही पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाला सौम्य केंद्रीय विद्यालय महासमुंद में अध्ययनरत छात्र है। अभी दसवीं कक्षा तक लगातार उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर वह हमेशा से ही शिक्षकों की प्रिय छात्र रहा है। उसने अपनी लगन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से यह सिद्ध कर दिया कि कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता। सौम्य की इस सफलता पर ग्रामवासियों, परिजनों, गुरुजनों एवं मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया।

## परसुली के पटेल भवन परिसर में नवीन बोर खनन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्रा

कोसरिया मरार पटेल समाज नर्राराज के ग्राम परसुली में बीते दिनों नवनिर्मित पटेल भवन का उद्घाटन खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस दौरान समाज ने नवीन बोर खनन हैंडपंप की मांग पर विधायक यादव ने बरसात के पहले बोर खनन कराने की आश्वासन दिया था। बुधवार को सुबह बोर खनन के लिए गाड़ी लगने पर समाज के लोगों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान जनपद सदस्य लोचन पटेल, पुरूषोत्तम पटेल, परमेश्वर पटेल, गणेश पटेल, पूरन पटेल, ललित पटेल आदि सर्वप्रथम धरती माता की पूजा अर्चन व नारियल तोड़कर बोर खनन का कार्य का शुभारंभ किया।



## नर्रा में मरार समाज की बैठक आज

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज नर्रा राज की बैठक 15 मई दिन गुरुवार को पटेल भवन में रखा गया है। उक्त बैठक में नांदगांव राज के समाज प्रमुख शिरकत करेंगे। वहीं नर्रा और नांदगांव दोनों राज से संबधित प्रकरण पर चर्चा की जाएगी। जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने समाज के पदाधिकारी समेत समाजिक बंधुओं को बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# सीबीएसई दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा में चंद्रोदय स्कूल के छात्रों ने लहराया जीत का परचम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) नई दिल्ली ने 13 मई 2025 को कक्षा दसवीं और बारहवी बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया। नगर के प्रचलित सीबीएसई स्कूल चन्द्रोदय पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं और बारहवी बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

कक्षा बारहवीं बोर्ड में प्रियंका विश्वकर्मा 92.2 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय 87.6 प्रतिशत के साथ पारुल चंद्राकर, तृतीय हर्षकांत चंद्राकर 82.4 प्रतिशत, चतुर्थ अर्पिता नशीने 80.2 प्रतिशत, पांचवे स्थान पर सागरिका हालदार एवं फाल्गुनी दुबे 78.2 प्रतिशत के साथ काबिज़ हुई। दूसरी तरफ कक्षा दसवीं बोर्ड में अदिति द्विवेदी ने 87.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, द्वितीय प्रियांश बढ़ई 86.4 प्रतिशत, प्रार्थना चंद्राकर, परिणीता चंद्राकर और अंशिका मिश्रा 85.6 प्रतिशत के साथ तीनों छात्राएं तृतीय, चौथे श्रेयांश द्विवेदी 84.8 प्रतिशत, अभयराज गायकवाड़ ने 84.4 प्रतिशत के साथ पांचवा स्थान प्राप्त किया। इस बार सीबीएसई दसवीं और बारहवीं दोनों ही बोर्ड परीक्षा में छात्रों के मुक़ाबले छात्राओं का प्रदर्शन उत्तम रहा।



सीबीएसई बारहवी बोर्ड में बच्चों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चंद्राकर, उपाध्यक्ष चंद्रपाल चंद्राकर, सचिव कमलेश चंद्राकर, प्राचार्य नवीन कुमार, उपप्राचार्य मंजुला चंद्राकर, सहसचिव बंसीलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष द्रोण चंद्राकर एवं समिति के सभी सदस्यों ने छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया है। प्राचार्य नवीन कुमार के बताया कि साल दर साल चंद्रोदय पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम उत्कृष्ट होता जा रहा है, पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष जायदा बच्चों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है। वही 70 प्रतिशत हासिल करने वाले विद्यार्थियों की भी संख्या बढ़ी है। वही प्रतियोगिता परीक्षाएं आईआईटी जेईई, नीट, सीपीटी, क्लैट, एनडीए इत्यादि की परीक्षा में भी बच्चों का प्रदर्शन इस वर्ष सराहनीय रहा है। वहीं इस वर्ष कक्षा दसवीं की छात्रा अदिति द्विवेदी ने कंप्यूटर एप्लिकेशन विषय में पूरे 100/100 अंक हासिल कर स्कूल एवं परिवार का नाम रौशन किया है। इस सफलता के पीछे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शाला प्रबंधन समिति का उत्कृष्टता के लिए अथक प्रयास, अभिभावकों का सहयोग एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। सभी टॉप 10 टॉपर्स को स्कूल द्वारा सम्मान भी प्रदान किया जाएगा।

छात्रों की सफलता पर शिक्षक वृंद दीपक ठाकुर(कक्षा अध्यापक, पीजीटी वाणिज्य), दीपेश चंद्राकर (पीजीटी भौतिक शास्त्र), प्रियंका महापात्र (टीजीटी, अंग्रेजी), आरती ठाकुर (पीजीटी कंप्यूटर विज्ञान), संगीता साहू (पीजीटी हिंदी), टीकाराम साहू (कक्षा अध्यापक, पीजीटी हिंदी), शिवराज देवांगन (पीजीटी गणित), रोबिन सम्मदर (पीजीटी रसायन विज्ञान), साक्षी तिवारी (पीजीटी जीव विज्ञान), अनिता एल्यूमहंती (पीजीटी अर्थशास्त्र), भीषण मंडाले (क्रीड़ा शिक्षक), मनीष चंद्राकर (लेखपाल), टकेश्वर चंद्राकर (वाहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग) एवं सभी गुरुजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

**विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को किया गया लाभान्वित**

# शिविर में अधिकांश मांगों व शिकायतों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत जनपद पंचायत पिथौरा के ग्राम पंचायत पिरदा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पिरदा क्लस्टर की 13 ग्राम पंचायतों के लिए आयोजित किया गया था। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी कि सुशासन तिहार के पहले चरण में पिरदा क्लस्टर से कुल 4375 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 4286 मांग और 89 शिकायतें थीं। दूसरे चरण में इनमें से 4266 मांग और 87 शिकायतों का समाधान कर लिया गया। इन सभी निराकृत आवेदनों की जानकारी शिविर में उपस्थित आम नागरिकों को दी गई।



शिविर में बसना विधायक संपत अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिला स्व-सहायता समूहों को बैंक लिंकेज के तहत आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। मां दुर्गा महिला स्वसहायता समूह और सीता महिला स्वसहायता समूह को 6-6 लाख रुपए तथा मुस्कान महिला समूह को 3 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। साथ ही 13 लखपति दीदियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाज कल्याण योजनाओं के तहत ग्राम जम्हर के दिव्यांग हितग्राही संजीव कुमार सिदार को मोटराईज़्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की गई, जिसे पाकर उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं ग्राम सांईसरायपाली के चंदर सिंह सिदार को 500 रुपए की मासिक पेंशन स्वीकृत की गई। शिविर में अन्य योजनाओं के अंतर्गत 04 कन्याओं को सुरक्षा योजना से, ग्राम बरेकेल के 02 हितग्राहियों को जॉब कार्ड, ग्राम पिरदा के 03 हितग्राहियों को राशन कार्ड और 03 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (2024-25) स्वीकृति पत्रक प्रदान किया गया।

